## पीएम कुसुम योजना में आवेदन 20 तक

**श्रीगंगानगर।** पीएम कुसुम योजना के तहत कृषकों को अनुदान पर खेत में सौर उर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए उद्यान विभाग द्वारा मार्च 2024 में राज किसान साथी पोर्टल पर आवेदनों की जांच कर प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई थी। जांच में सैंकड़ों आवेदन अधूरे होने के कारण बैक टू सिटीजन किए गये थे। इसकी जानकारी संबंधित कृषकों को मोबाइल के जरिए मैसेज भेजकर दी गई थी। अधूरे दस्तावेज 15 दिन में दोबारा पोर्टल पर अपलोड करने थे। सैंकड़ों कृषक ऐसे आवेदक थे, जिन्होंने तय समय सीमा में दस्तावेज अपलोड नहीं किए। इस कारण उनके आवेदन स्वत: ही निरस्त हो गए। उपनिदेशक उद्यान विभाग केशव कालीराना ने बताया कि जिन किसानों के आवेदन निरस्त हो गये थे, उन्हें राहत देते हुए सरकार ने दस्तावेज पूर्ण करने का एक और मौका दिया है। जो आवेदन निरस्त हुये थे, वे 5 जून से 20 जून तक राज किसान साथी पोर्टल पर रि-ओपन कराये जायेंगे। उन्होंने बताया कि ऐसे में जिन किसानों के आवेदन निरस्त हो गये थे, वे राज किसान साथी पोर्टल पर निरस्त हुऐ आवेदन को निर्धारित अवधि में रि-ओपन कर आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड कर सकेंगे। यह कार्य आवेदक द्वारा ई-मित्र से या स्वयं के मोबाईल से राज किसान साथी पोर्टल पर पूर्व में किये गये ऑनलाईन आवेदन आवश्यक दस्तावेज के साथ अपलोड कर सकेंगे।

# सरकारी कार्यालयों में 15 जुलाई तक अनुपयोगी सामान की नीलामी करें : सिंघवी

## बीकानेर संभागीय आयुक्त ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

**बीकानेर।** संभागीय आयुक्त श्रीमती वंदना सिंघवी ने कहा कि संभाग के सभी कार्यालय अपने यहां अनुपयोगी सामान की नीलामी 15 जुलाई तक करवाना सुनिश्चित करें।

विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में श्रीमती सिंघवी ने यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों में साफ सफाई के साथ-साथ अनुपयोगी सामान और अनुपयोगी रिकॉर्ड की नीलामी करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी मानसून के मद्देनजर राजकीय कार्यालयों, स्कूलों की छतों की सफाई का काम भी गंभीरता के साथ पूर्ण हो। अगले 10 दिनों में सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने परिसर, छतों की साफ सफाई पूर्ण करवाते हुए रिपोर्ट भेजेंगे। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत, कृषि, पीएचईडी, स्वास्थ्य, पशुओं, शिक्षा और स्थानीय स्वायत्त निकाय सहित विभिन्न विभागों के कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।



संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवीं ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

श्रीमती सिंघवी ने कहा कि स्वायत निकाय विभाग द्वारा संभाग की सभी श्री अन्नपूर्णा रसोइयों का एक साथ भौतिक सत्यापन करवाते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए और इस प्रक्रिया को नियमित रूप से करें। सभी अन्नपूर्णा रसोइयों में भोजन में मिलेट्स भी शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। स्कूलों के जर्जर भवन का चिन्हीकरण और विद्यार्थियों के बैठने की वैकल्पिक व्यवस्था करवाने के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए संभागीय आयुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों का सर्वे समय पर हो तथा आवश्यक कार्रवाई की जाए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से मौसमी बीमारियों की रोकथाम और हीट वेव प्रबंधन के संबंध में की गई व्यवस्थाओं की रिपोर्ट लेते हुए संभागीय आयुक्त ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके सत्यापन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं। उन्होंने संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से संभाग में डेंगू की स्थिति की जानकारी लेते हुए नियंत्रण के सभी उपाय समय पर करने के निर्देश दिए।

## शहर के विकास पर मंथन

**बीकानेर।** निर्विकल्प फाउण्डेशन द्वारा 'हरख बीकाणा' कार्यक्रम की श्रृंखला में पहला संवाद होटल सागर में हुआ। देर रात तक चले संवाद के दौरान 40 यंग एंटरप्रेन्योर्स ने भागीदारी निभाई और शहर के सर्वांगीण विकास में भागीदारी पर चर्चा की। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी और महानिरीक्षक पुलिस ओमप्रकाश बतौर अतिथि मौजूद रहे। संभागीय आयुक्त ने इस अवसर पर कहा कि बीकानेर में विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए यंग एंतरप्रेन्योर्स आगे आएंगे तो अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सभी युवा उद्यमी सामूहिक कार्य योजना बनाकर सकारात्मक दिशा में कार्य करें। उन्होंने सभी यंग एंतरप्रिन्योर्स से अगले एक सप्ताह में प्रस्ताव उपलब्ध करवाने का सुझाव दिया और कहा कि इनके क्रियान्वयन में प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। महानिरीक्षक पुलिस ओमप्रकाश ने कहा कि युवाओं द्वारा बीकानेर के विकास के प्रमुख विषय एवं क्षेत्र निर्धारित करने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज युवाओं से बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्होंने वायु सेवाओं में वृद्धि, शहरी क्षेत्र को साफ-सुथरा और स्वच्छ रखने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका और इनलेण्ड कंटेनर डीपो की स्थापना से जुड़े विचार रखे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय युवाओं का है, ऐसे में युवा निणय लेकर आगे आएंगे तो बीकानेर में विकास को पंख लग सकते हैं।

## सार-समाचार

### गांवों को हो रही है सुचारू जलापूर्ति

**श्रीगंगानगर।** क्षेत्रीय जलयोजना 5डी से तीन ग्राम 6डी एवं 4 डी लाभान्वित है। इनकी वर्तमान कुल आबादी 5895 है एवं दैनिक जल मांग 415 किलो लीटर है। क्षेत्रीय जलयोजना से जुड़े गांवों को नियमित पेयजल आपूर्ति किया जा रहा है। पीएचईडी के एक्सईएन सतीश अरोड़ा ने बताया कि विभाग के कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा मौका निरीक्षण करने पर जलयोजना के सभी फिल्टर चालू पाये गये। वाटर वर्क्स परिसर को साफ करवाया गया। असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही हेतु सहायक अभियन्ता द्वारा थानाधिकारी हिन्दुमलकोट को लिखा गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में योजना से जुड़े सभी ग्रामों में सुचारू जलापूर्ति की जा रही है। योजना पर कार्यरत कर्मचारी को योजना पर असामाजिक तत्व को जलयोजना में प्रवेश न करने एवं निगरानी हेतु पाबंद कर किया गया है।

### डॉ.मीणा का स्वागत होगा

**बीकानेर।** राज्य सरकार के कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, आपदा प्रबंधन सहायता सुरक्षा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग,जन अभियोग निराकरण विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार बीकानेर आगमन पर अखिल आदिवासी मीणा महासभा व शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) की और से भव्य स्वागत किया जाएगा। रेसटा प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने बताया की इस मौके पर राज्य भर के प्रबोधक से लेकर प्राचार्य तक के शिक्षकों को ज्वलंत मांगो के समाधान के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। अखिल आदिवासी मीणा महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मीणा ने बताया की संभाग मुख्यालय पर समाज का छात्रावास व सामुदायिक भवन नही होने से काफी परेशानी होती हुआ इसलिए मंत्री डॉ.मीणा को ज्ञापन दिया जाएगा।

### अर्जुनराम मेघवाल बने कानून मंत्री

**बीकानेर।** चौथी बार सांसद अर्जुनराम मेघवाल को केंद्रीय कानून राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाए जाने पर बीकानेर भाजपा जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुछ भेंट कर बधाई दी जिला मिडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया आज केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के निवास पर बीकानेर भाजपा नेताओ ने मिठाइयां बांटकर खुशिया मनाई और अर्जुनराम मेघवाल पर फिर भरोसा जताने पर प्रधानमंत्री का आभार जताया।

# 24 जून से शुरु होगी 10वीं, 12वीं ओपन बोर्ड की परीक्षाएं

■ दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित

**श्रीगंगानगर।** प्रदेशभर में आरबीएसई और सीबीएसई से सम्बद्ध सभी स्कूलों की बोर्ड और स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम तक जारी होने के बाद अब राजस्थान स्टेट ओपन बोर्ड जयपुर ने भी 10वीं-12वीं की परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है। पिछले 2 सालों से गर्मी की छुट्टियों में आयोजित होने वाली ओपन बोर्ड की माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक परीक्षाएं इस साल छुट्टियां खत्म होने के बाद 24 जून से शुरू होंगी। जहां एक और प्रदेश चिलचिलाती धूप में तप रहा है वहीं ओपन बोर्ड की परीक्षाएं भरी गर्मी में दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएगी।उल्लेखनीय है कि दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए राज्य भर में करीबन सवा लाख जबकि जिले भर में तकरीबन 3 हजार से ज्यादा विद्यार्थी पंजीकृत है। ये वे विद्यार्थी हैं जिन्होंने विभिन्न कारणों से पढ़ाई छोड़ दी है। अब ओपन बोर्ड इन्हें घर रह कर 10वीं और 12वीं परीक्षा पास करने का अवसर प्रदान करवा रहा है।

10वीं और 12वीं के प्रैक्टिकल एग्जाम भी 24 जून से 25 जूलाई के बीच करवाए जाने हैं। प्रैक्टिकल एग्जाम कार्यक्रम की जानकारी के लिए विद्याथिर्यो को सम्बन्धित परीक्षा केंद्र के केंद्र अधीक्षक से सम्पर्क करना होगा। प्रैक्टिकल एग्जाम तिथि की सूचना परीक्षा केंद्र की ओर से ही विद्याथिर्यो तक पहुंचाई जाएगी। । 10वीं कक्षा में 24 जून को पंजाबी, 25 को उर्दू, 28 को विज्ञान व प्रौद्योगिकी, 1 जूलाई को अर्थशास्त्र, 2 को मनोविज्ञान, 3 को अंग्रेजी, 4 को व्यवसाय अध्ययन, 5 को डाटा एंट्री, 8 को भारतीय संस्कृति, 9 को चित्रकला, 10 को गृह विज्ञान, 11 को सामाजिक विज्ञान, 12 को हिंदी, 15 को संस्कृत, 16 को गणित तथा 18 जुलाई को सिंधी की परीक्षा होगा।

कक्षा-12 के लिए 24 जून को हिंदी, 25 को गृह विज्ञान, 28 को समाजशास्त्र, 1 जुलाई को चित्रकला, 2 को अंग्रेजी, 3 को इतिहास, 4 को संस्कृत,5 को व्यवसाय अध्ययन, 8 पर्यावरण विज्ञान, 9 को मनोविज्ञान, 10 को भूगोल, 11 को अर्थशास्त्र, 12 को जीव विज्ञान, 15 को रसायन विज्ञान, 16 को भौतिक विज्ञान, 18 को डाटा एंट्री, 19 को राजनीति विज्ञान, 22 को गणित, 23 को लेखाशास्त्र, 24 को उर्दू तथा 25 जुलाई को कंप्यूटर विज्ञान की परीक्षा होगी।

भूपेश शर्मा, जिला समन्वयक, विद्यार्थी परामर्श केंद्र,श्रीगंगानगर का कहना है कि स्टेट ओपन बोर्ड जयपुर की मुख्य परीक्षा 24 जून से शुरू होंगी। इसमें 10वीं के पेपर 18 जुलाई जबकि 12वीं के पेपर 25 जुलाई तक चलेंगे। परीक्षाथिर्यो को अपनी एसएसओ आईडी नामांकन संख्या से मैप करनी होगी। इस साल प्रवेश पत्र आरएसओएस एप पर अपलोड होंगे जिन्हें संदर्भ केन्द्र से प्रमाणित करवाने की आवश्यकता नहीं है।'

## पानी की चोरी रोकने के लिये गश्ती दल गठित

**श्रीगंगानगर।** गंगकैनाल में शिवपुर हैड से कोठा पुल तक एवं शिवपुर हैड से नीचे आर.डी. 13 से लिंक चैनल तक प्रवाहित होने वाले नहरी पानी की समुचित निगरानी हेतु 6 गश्ती दलों का गठन किया गया है। गश्ती दल में निगरानी कार्य के लिये संबंधित खण्डों के लिये कार्मिक नियुक्त किये गये हैं।

जिला कलक्टर लोकबंधु के निर्देशानुसार नहरी पानी चोरी रोकने हेतु गश्ती दलां का गठन किया गया है। जल संसाधन वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री धीरज चावला ने बताया कि इन दलों को वाहन उपलब्ध करवाये जायेंगे। इन दलों द्वारा सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक एवं प्रात: 5 बजे से 9 बजे तक की अवधि में आदेश में वर्णित आवंटित क्षेत्र में 30 मई को अधिशाषी अभियंता जल संसाधन उत्तर खण्ड श्रीगंगानगर एवं 31 मई को अधिशाषी अभियंता जल संसाधन दक्षिण खण्ड श्रीगंगानगर अपनी टीम के साथ सतत् निगरानी करेंगे एवं इसके उपरांत एक दिन छोड़कर क्रमानुसार आगामी आदेश तक निगरानी कार्य सम्पादित करेंगे। उन्होंने बताया कि गश्ती दल उन्हें आवंटित क्षेत्र का भ्रमण करेंगे तथा पानी चोरी पाये जाने पर उसकी वीडियोग्राफी करवाते हुए संबंधित थाना में एफआईआर दर्ज करवायेंगे। इन गश्ती दलों को वाहन अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृत्त श्रीगंगानगर द्वारा उपलब्ध करवाये जायेंगे। सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक एवं प्रात: 5 बजे से 9 बजे तक की अवधि में अधीक्षण अभियंता के निर्देशानुसार अधिशाषी अभियंता अपनी टीम के साथ आवंटित क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि पानी चोरी की स्थिति में राजस्व पटवारी की आवश्यकता होने पर जल संसाधन विभाग का संबंधित सहायक अभियंता उपखण्ड अधिकारी से सम्पर्क कर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही करायेंगे।

# बीकानेर की डॉ. वृंदा सम्मानित



अजमेर में सम्मानित हुई बीकानेर की डॉ. वृंदा।

बीकानेर, 10 जून। चारण साहित्य शोध संस्थान, अजमेर द्वारा रविवार को अजमेर में 'चारण साहित्य समारोह 2024' का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा चारण साहित्य पर शोध कार्य करने वाले विभिन्न शोधाथिर्यो और साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीकानेर जिले की डॉ. वृन्दा को उनके द्वारा चारणों की कुलदेवी श्री करणी माता की चिरजा (स्तुति) पर किये गये शोधकार्य हेतु संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपए नगद राशि के साथ चारण साहित्य की पुस्तकें एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत आदि मौजूद थे।

# पक्षियों के लिए 2500 पाळसिए बांटे

**नोखा।** पर्यावरण परिवर्तन के कारण गर्मी बढ़ने से बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने और भूख मिटाने के लिए ब्रह्मलीन गोसेवी संत पदमाराम कुलरिया की स्मृति में 'आओ बने बेजुबानों की जुबान अभियान' के तहत भामाशाह व उद्योगपति कानाराम-शंकरलाल -धर्मचंद कुलरिया परिवार के आर्थिक सहयोग से जयपुर शहर व कई जगहों पर 2500 पूर्व में और वर्तमान में फिर से 2500 परिंडे वितरित किये जा रहे है।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक गुलशन टेलर ने बताया कि गोसेवा में सबसे अग्रिम नाम ब्रह्मलीन संत पदमाराम कुलरिया का आता है और उनके पुत्र भामाशाह कानाराम-शंकरलाल -धर्मचंद कुलरिया परिवार की तरफ से उनका हर वर्ष परिंडे लगाने के लिए सहयोग मिलता रहता है। सहयोगकर्ता शंकर कुलरिया ने कहा कि बेजुबान पक्षियों को पर्यावरण परिवर्तन के कारण गर्मी के मौसम में दाना-पानी की परेशानी ना रहें। बेजुबान पक्षियों को बचाने के लिए संतजी का परिवार हर वक्त तैयार है।



गौसेवी संत पदमाराम कुलरिया की स्मृति में पाळसिए बांटे।

परिण्डे वितरण के सहयोगी राजस्थानी फिल्म अभिनेता राज जांगिड ने बताया कि ब्रह्मलीन गौसेवी संत पदमाराम कुलरिया परिवार गोसेवा में सदैव आगे रहा है। इस भीषण गर्मी में पानी को तरसते पक्षियों के लिए भी अपने सेवा के हाथ आगे बढ़ाए है जो सराहनीय व अनुकरणीय कदम है। फिल्म अभिनेता राज जांगिड परिण्डे देते वक्त सभी से आग्रह भी करते है की इसमें प्रतिदिन पानी डालने रहे।

# बैंक गारंटी जमा कराने की जगह फर्म को निगम ने कर डाला भुगतान

**बीकानेर।** अमृत 2.0 योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र में 265 करोड़ रुपए के सीवरेज प्रोजेक्ट का कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रोजेक्ट की संवेदक फर्म की ओर से कार्य शुरू करने के साथ-साथ निगम से भुगतान प्राप्त करना भी शुरू कर दिया है। फर्म को निगम अब तक करीब 14 करोड़ रुपए का भुगतान कर चुका है। जबकि प्रोजेक्ट टेंडर की विशेष शर्त के तहत संवेदक फर्म को प्रोजेक्ट लागत की 10 प्रतिशत राशि बैंक गारंटी के रूप में जमा करानी थी। जिससे भविष्य में इस प्रोजेक्ट में किसी तरह की कमी या शर्तों के अनुरूप कार्य नहीं करने से वित्तिय नुकसान हो तो गारंटी राशि को जब्त किया जा सके। फर्म ने करीब 26 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी जमा करवाए बिना ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जबकि गारंटी राशि बिना कार्य शुरू नहीं किया जा सकता। इतना ही नहीं कार्य आगे बढ़ने के साथ ही निगम ने उलटा फर्म को भुगतान करने में जल्दबाजी दिखाई है।

निगम ने सीवरेज प्रोजेक्ट की संवेदक फर्म मै. टेक्नोक्राट कंस्ट्रक्शन प्रा.लि. से अनुबंध की विशेष विशेष शर्त 4.3.1 के तहत बैंक गारंटी प्राप्त नहीं कर विशेष छूट दे चुका है। अब इसकी जानकारी सार्वजनिक होने पर बचाव में रुडसिको जयपुर से मार्गदर्शन मांगने की तैयारी है। इससे सीधे तौर पर फर्म को भुगतान नहीं करने का समय मिल जाएगा। साथ ही किसी तरह की गड़बड़ी का आरोप लगा तो बचवा में इस प्रक्रिया का हवाला दे दिया जाएगा।

सीवरेज प्रोजेक्ट के कार्य में मनमर्जी के आरोप लग रहे है। आमजन को परेशानियां हो रही है।लंबे समय से सीवर चैंबरों के लिए गड्ड़े खोदकर छोड़ रखे है। कही चैंबर बनाया भी है तो वहां गड्ढ़ों को पूरी तरह से नहीं भरा गया है। आगामी बारिश के सीजन में यह जानलेवा साबित हो सकते है। अशोक कुमार आसीजा, आयुक्त नगर निगम का कहना है कि अमृत 2.0 के तहत सीवरेज प्रोजेक्ट की निविदा रूडसिको जयपुर के स्तर पर जारी की गई।

# ओळा-सेवइयां की सजी दुकानें, बिक्री शुरू

**बीकानेर।** निर्जला एकादशी पर्व की घर-घर में तैयारियां शुरू हो गई है। बाजारों में सजी दुकानों पर निर्जला एकादशी के लिए विभिन्न प्रकार के सामान की खरीदारी का क्रम प्रारंभ हो गया है।

शहर में निर्जला एकादशी के दिन मिट्टी से बनी पानी की मटकी, पंखी, आम, सेवइयां, ओळा,शर्बत के दान-पुण्य का विशेष महत्व है। शहर के मुख्य बाजारों सहित गली-मोहल्लों चौक-चौराहों से कॉलोनी क्षेत्रों तक मे स्थित दुकानों पर चीनी से बने लड्डू (ओळा) तथा चीनी व सिंघाड़ा आटे से बनी सेवइयां की दुकानें सज चुकी है। वहीं निर्जला एकादशी के लिए एकादशी सामग्री से बनी विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री की बिक्री भी प्रारंभ हो गई है। 18 जून को निर्जला एकादशी पर्व मनाया जाएगा।

भावों में इस बार गत वर्ष की तुलना में करीब पांच फीसदी की वृद्धि हुई है। चीनी उत्पाद व्यवसाय से जुड़े पप्पू जोशी के अनुसार चीनी, सिंघाड़ा आटा व लेबर के भावों में हुई बढ़ोतरी का असर ओळा-सेवइयों के प्रति किलोग्राम भाव पर पड़ा है।

ओळा-सेवइयां की बिक्री प्रारंभ हो गई है। निर्जला एकादशी के और नजदीक आने पर अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है।

निर्जला एकादशी को लेकर सजी ओळा-सेवइयां की दुकानों पर बिक्री प्रारंभ हो गई है। चीनी उत्पाद व्यवसाय से जुड़े रवीन्द्र जोशी के अनुसार चीनी से बना ओळा 80 रुपए प्रति किलोग्राम, ठंडाई ओळा 320 रुपए प्रति किलोग्राम, सेवइयां बारीक 80 रुपए प्रति किलोग्राम, स्पेशल 100 रुपए प्रति किलोग्राम और डूंगरशाही 120 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव से बिक्री हो रही है। वहीं कुछ स्थानों पर ठंडाई ओळा 360 रुपए किलोग्राम की दर से बिक्री हो रही हैं।

निर्जला एकादशी के लिए शहर में मिट्टी से बनी पानी की मटकी और विभिन्न तरह के शर्बत की बिक्री भी बढ़ गई है। गंगाशहर, भीनासर, बड़ा बाजार, जस्सूसर गेट,सार्दुल सिंह सर्कल सहित विभिन्न स्थानों पर छोटी व बड़ी आकार की मटकियों की बिक्री चल रही है। वहीं केसर, खस, गुलाब सहित विभिन्न प्रकार के शर्बत की बिक्री प्रारंभ हो गई है।

निर्जला एकादशी पर शहर में जगह-जगह निशुल्क पेय पदार्थी के सेवा शिविर लगेंगे। बच्चों, युवाओं की मण्डलियों, समितियों आदि की ओर से राहगीरों के लिए शीतल जल, गन्ना रस, नींबू शिकंजी, दूध-दही शिकंजी, ठंडाई, बिल, कोल्ड ड्रिंक, छाछ, विभिन्न प्रकार के शर्बत, आईसक्रीम इत्यादि की सेवाएं की जाएगी। इसके लिए सेवादारों की टीमें तैयार हो गई है।

## दीक्षांत समारोह आज

**बीकानेर।** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 20 वां दीक्षांत समारोह 11 जून को विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्या मंडल सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा।

समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र होंगे। विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा तथा स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.बी.आर.छींपा एवं दीक्षांत अतिथि केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल के पूर्व कुलाधिपति व कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो.राम बदन सिंह होंगे। राज्यपाल एयरपोर्ट से सीधे कृषि विश्वविद्यालय 11.45 पर पहुंचेगे।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि संकाय व सामुदायिक विज्ञान संकाय के स्नातक ( यूजी) 2022-23 एवं आईएबीएम, कृषि संकाय व सामुदायिक विज्ञान संकाय के स्नातकोत्तर (पीजी) व विद्या-वाचस्पति (पीएचडी) के 1 जुलाई 2022 से 31 दिसंबर 2023 तक पास हुए कुल 1569 विद्यार्थियों को उपाधी प्रदान की जाएंगी।

उनमें से 1245 छात्र और 324 छात्राएं शामिल हैं। कुल 1569 विद्यार्थियों में से स्नातक के 1346, स्नातकोत्तर के 194 और विद्यावाचस्पति के 29 विद्यार्थीयों को उपाधी प्रदान की जाएगी।

# कवयित्री-आलोचक डॉ. रेणुका व्यास को कमला देवी पहाड़िया राजस्थानी उपन्यास पुरस्कार

## डॉ. व्यास के उपन्यास 'धिंगाणै धणियाप' को ग्यारह हजार रूपये का पुरुस्कार

**बीकानेर, डेह।** नेम प्रकाशन डेह, नागौर के तत्वावधान में बीकानेर की कवयित्री-आलोचक डॉ.रेणुका व्यास 'नीलम' को उनके राजस्थानी उपन्यास 'धिंगाणै धणियाप' के लिए ग्यारह हजार रूपये का 'कमला देवी पहाडिया स्मृति राजस्थानी उपन्यास पुरस्कार 2024' अतिथियों द्वारा अर्पित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल अधिकारिता मंत्री डॉ.मंजू बाघमार राजस्थान सरकार थी। उनके हाथों से बीकानेर की डॉ. रेणुका व्यास 'नीलम' के राजस्थानी उपन्यास 'धिंगाणै धणियाप' को ग्यारह हजार रूपये का 'कमला देवी पहाडिया स्मृति राजस्थानी उपन्यास पुरस्कार 2024' प्रदान किया गया। राज्य मंत्री डॉ.बाघमार ने डॉ.रेणुका व्यास को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिह्न, अभिनंदन-पत्र एवं ग्यारह हजार रुपए नगद भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि भंवर पृथ्वीराज रतनू, डॉ.जहूर खां मेहर, समन्वयक लक्ष्मण दान कविया संयोजक पवन पहाडिया के सान्निध्य मे सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि डॉ. रेणुका व्यास की पूर्व में हिन्दी और राजस्थानी में दस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें पांच कविता संग्रह, एक निबंध संग्रह, एक उपन्यास, एक आलोचनात्मक ग्रंथ और दो अनुवाद की पुस्तकें शामिल हैं। डॉ रेणुका व्यास को अनेक साहित्यिक- सांस्कृतिक संस्थाओं की ओर से सम्मानित और पुरस्कृत भी किया जा चुका है। गत वर्ष उन्हें राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर की ओर से 'विशिष्ट साहित्यकार सम्मान' तथा राजस्थानी भाषा , साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर की ओर से 'मुरलीधर व्यास राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार', पोकरमल राजरानी गोयल स्मृति राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं।



कवयित्री-आलोचक डॉ.रेणुका व्यास को कमला देवी पहाडिया राजस्थानी उपन्यास पुरस्कार से सम्मानित किया।

## सी.एल.जी. में छाया बढ़ते नशे का मुद्दा

**पल्लू।** स्थानीय पुलिस थाने में एएसपी नोहर सुभाषचन्द्र शर्मा व थाना प्रभारी बिशन सहाय ने सीएलजी सदस्यों की बैठक ली। इसमें सभी सदस्यों ने युवाओं को तेजी से गिरफ्त में ले रहे चिट्टे की सप्लाई व तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। श्रवण खालिया, केशु पूनिया व लालचन्द पंचारिया ने पुलिस प्रशासन से निरंतर सघन अभियान चलाकर चिट्टे के सप्लायर व खरीदने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। एएसपी ने कस्बे के मुख्य स्थलों पर सुझाव पेटिका लगाने, अपने आसपास चिट्टे को बेचने व सेवन करने वालों की सूचना थाना प्रभारी को देने तथा डीएसटी के सहयोग से तहसील क्षेत्र में विशेष अभियान के तहत नशे के सौदागरों पर कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया। देवीलाल स्वामी व एडवोकेट महिपाल झटीवाल ने बाजार में बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए मेगा हाइवे पर बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाकर हाइवे को खाली करवाने की मांग की। इस दौरान कौशल्या कंवर, केशव पंचारिया, सुरजनसिंह भाटी, यासीन कल्लाल, भंवरलाल बुडानिया, नन्दलाल नाई, सराज खान जौड़ा, एडवोकेट अरशद खान, बद्री राजपुरोहित आदि सीएलजी सदस्य मौजूद रहे। एएसपी सुभाषचन्द्र शर्मा ने तहसील क्षेत्र में हो रही पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर रोक लगाकर आमजन को अधिकाधिक पेड़ लगाने को प्रेरित किया।